एलोमनी समिति

वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र – 2017–18

आज दिनाँक 7/2/2018 को राजनीतिशास्त्र कक्ष में दोपहर 3.00 बजे महाविद्यालय की एलोमनी समिति के प्राध्यापकों के साथ एलोमनी छात्रों एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई जिसस उद्देश्य भूतपूर्व छात्र – छात्रायें महाविद्यालय की समस्याओं से परिचित हो तथा समस्याओं के निराकरण हेतु उनके बहुमूल्य सुझाव लिये जा सके तथा सबके मिले जुले प्रयासों से महाविद्यालय को और भी अधिक बेहतर बनाया जा सके।

बैठक में एलोमनी के सदस्यों के अपने विचार तथा सुझाव प्रस्तुत किये जिसके कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दु इस प्रकार है–

1– विद्युत की बचत तथा ग्रामीण क्षेत्र में कमजोर विद्युत व्यवस्था को देखते हुए महाविद्यालय में सोलर पेनल की व्यवस्था हेतु प्रयास किया जाये।

2– रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाये।

3– खेल के मैदान का विस्तार किया जाये।

4– कला संकाय के अन्तर्गत विभिन्न विषयों मे स्नातकोत्तर की कक्षायें संचालित हो रही है लेकिन उनके लिए अलग – अलग सही तरीके से विभाग की व्यवस्था नही है।

5– छात्र – छात्राओं के अध्ययन कक्ष में फर्नीचर की व्यवस्था की जाये।

6– ग्रंथालय में छात्र – छात्राओं के लिए वाचनालय की व्यवस्था की जाये।

7– विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर की कक्षायें प्रारंभ की जाये।

Scanned with CamScanner

बैठक में सदस्यों की पिछली मीटिंग के सुझावों को पढ़कर सुनाया गया जिसमे से अधिकांश समस्यायें महाविद्यालय प्रशासन द्वारा हल कर ली गई है– जो इस प्रकार है –

1– वाणिज्य संकाय में नये सत्र जुलाई – 2018 से एम. काम. की कक्षाये जनभागीदारी समिति द्वारा संचालित करने की अनुमति प्राप्त हो गई है तथा विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर की कक्षायें तथा स्नातक स्तर पर इतिहास विषय खुलवाने की कोशिश की जा रही है।

2– छात्र – छात्राओं के पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु दो नये वाटर कूलर का क्रय कर लिया गया है।

3– छात्राओं के लिए गर्ल्स कामन रूम की व्यवस्था कर ली गई है।

इन सब बातों से सदस्यों को अवगत कराया गया।

संयोजक
एलोमनी समिति
शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय,मस्तूरी
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner